जागरण

एक लाख के बदले नकली पांच लाख... पंजाब में नकली नोटों का भंडाफोड़, 500-500 रुपये के नोट बरामद

जागरण संवाददाता, पटियाला। नकली नोट खरीदने के बाद लोगों को सप्लाई करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को सदर थाना नाभा की पुलिस ने काबू किया है। इनमें एक बुजुर्ग महिला समेत दो महिलाएं भी शामिल हैं। 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर पहले भी नकली नोट बेचने के मामले दर्ज हैं।

अब दोबारा से ये लोग नकली नोट मंगवाने के बाद लोगों को सप्लाई कर रहे थे। इन लोगों से 500-500 मूल्य के नौ लाख रुपये की नकली करंसी, दो कारें व लाइसेंसी पिस्तौल बरामद किए गए। पांच महीने से नकली नोटों को सप्लाई कर रहा यह गिरोह जालंधर, लुधियाना, हरियाणा को चीका व कैथल में नोट सप्लाई कर चुका है जिसे नाभा के सदर थाना पुलिस ने मंगलवार रात को काबू कर लिया।

Source: https://www.jagran.com/punjab/patiala-fake-notes-busted-in-patiala-nabha-fake-currency-worth-nine-lakhs-in-denominations-of-rs-500-each-23967997.html